राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय
प्रमुख समाचार

## कुढ़नी में भाजपा ने जदयू को बेहद रोचक मुकाबले में हराया




**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर के कुढ़नी विधानसभा के लिए हो रहे उपचुनाव में फाइनल नतीजे सामने आ गये हैं। 23 राउंड की गिनती के बाद नतीजे भाजपा के पक्ष में गये और सत्ताधारी महागठबंधन को हार का सामना करना पड़ा है। जदयू प्रत्याशी मनोज सिंह भाजपा प्रत्याशी केदार प्रसाद गुप्ता से हार गये हैं। जानकारी के मुताबिक केदार गुप्ता को 73073 वोट मिले, वहीं जदयू के मनोज सिंह को 73073 वोटों से संतोष करना पड़ा। भाजपा ने यह सीट 3649 वोटों के अंतर से जीता है। घोषित हुए चुनाव परिणाम के बीच एक दिलचस्प जानकारी असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को लेकर सामने आ रही है। चुनाव आयोग की आधिकारी वेबसाइट के मुताबित कुढ़नी में एआईएमआईएम के प्रत्याशी मोहम्मद गुलाम मुर्तजा को नोटा से भी कम वोट मिले हैं।

## लोगों को संदेह भाजपा और आप में मौन सहमति : राउत



**मुंबई।** गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा का सरकार में आना तय है। वहीं गुजरात चुनावों पर संजय राउत ने अपना बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव के परिणाम उम्मीद के मुताबिक ही आए हैं। लेकिन लोगों को संदेह है कि क्या भाजपा और आप पार्टी के बीच मौन सहमति थी? नई दिल्ली में संजय राउत ने कहा कि अगर आप और अन्य पार्टियां एक साथ गठबंधन करतीं तो गुजरात में भाजपा के लिए एक कठिन लड़ाई होती। उन्होंने कहा कि गुजरात के नतीजे उम्मीद के मुताबिक हैं। भाजपा-आप पर निशाना साधते हुए संजय राउत ने कहा कि अगर दोंनों दलों के बीच अगर मौन सहमति बनी होगी तो ऐसा होगा कि आप दिल्ली ले जाएं और गुजरात को भाजपा के लिए छोड़ दें। दिल्ली नगर निगम के चुनावों में आप की जीत का जिक्र करते हुए कहा कि एमसीडी में आप की जीत सराहनीय है। भाजपा जैसी पार्टी से दिल्ली को छीनना आसान नहीं है।

## पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सहित छह नेता टीएमसी में शामिल



**कोलकाता।** त्रिपुरा में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के छह नेता तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए। टीएमसी में शामिल होने वालों में त्रिपुरा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पीयूष कांति बिस्वास भी शामिल हैं। इसके अलावा त्रिपुरा कांग्रेस के नेता तेजेन दास, अनंत बनर्जी, बिमल रुद्र पॉल, पूर्णिता चकमा और समरेंद्र घोष ने भी टीएमसी का दामन थाम लिया है। जानकारी के मुताबिक, टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की उपस्थिति में ये नेता टीएमसी में शामिल हुए। माना जा रहा है कि पीयूष कांति बिस्वास को त्रिपुरा टीएमसी का नया अध्यक्ष बनाया जा सकता है। त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव 2023 की शुरुआत में होने की उम्मीद है। वर्तमान कार्यकाल 22 मार्च, 2023 को समाप्त हो रहा है।

## आम आदमी पार्टी को मिला राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा



**नईदिल्ली।** दिल्ली, पंजाब और गोवा में पहले से ही राज्य पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त करने वाली आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर चुकी है। गुजरात में आम आदमी पार्टी अपनी उम्मीदों के मुताबिक भले प्रदर्शन नहीं कर पाई हो लेकिन उसे अब एक राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त हो गया है। देश में अब भाजपा और कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी एकमात्र ऐसी राष्ट्रीय पार्टी है जिसकी दो या दो से ज्यादा राज्यों में सरकार है। आम आदमी पार्टी की जहां दिल्ली और पंजाब में सरकार है वहीं कांग्रेस के पास छत्तीसगढ़ और राजस्थान की सरकार है। वहीं भाजपा डेढ़ दर्जन से ज्यादा राज्यों में स्पष्ट बहुमत अथवा गठबंधन के माध्यम से सरकार चला रही है। जहां तक आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय दर्जा मिलने की बात है तो आपको बता दें कि एक राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए, एक राजनीतिक संगठन को कम से कम चार राज्यों में मान्यता प्राप्त करने की आवश्यकता होती है।

## यात्रा के लिए पश्चिम बंगाल जा सकते हैं राहुल, प्रियंका



**कोलकाता।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा 'भारत जोड़ो यात्रा' के 28 दिसंबर से शुरू होने वाले पश्चिम बंगाल चरण में भाग लेने के लिए इस महीने के उत्तरार्ध में राज्य का दौरा कर सकते हैं। पार्टी के एक नेता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यात्रा का बंगाल चरण दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में कपिल मुनि आश्रम से शुरू होगा और दार्जीलिंग तक जारी रहेगा। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता ने बताया, हम 'भारत जोड़ो यात्रा' के तहत पश्चिम बंगाल में करीब 800 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। हमनें 28 दिसंबर को सागर द्वीप में कपिल मुनि के आश्रम से यात्रा शुरू करने की योजना बनाई है। हम कार्यक्रम के लिए राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य नेताओं को आमंत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' का राज्य चरण 55 दिनों तक जारी रहेगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात की जनता का जताया आभार

# लोगों ने विकास की राजनीति को दिया आशीर्वाद

**अहमदाबाद।** गुजरात में भाजपा को बंपर जीत मिली है। भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह भी है। गुजरात में भाजपा ने अपने पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। गुजरात में भाजपा सातवीं बार सरकार बनाने में कामयाब हुई है। पिछले 27 सालों से भाजपा गुजरात में शासन में है। इन सबके बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात का धन्यवाद किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि यह गुजरात के विकास की जीत है। मोदी ने कहा कि लोगों ने विकास की राजनीति को अपना आशीर्वाद दिया है। गुजरात के परिणाम को देखकर अभिभूत हूं। इसके साथ ही उन्होंने इस जीत के लिए कार्यकर्ताओं को भी श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता चैंपियन है। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की ताकत भी बता दिया।

नरेंद्र मोदी ने अपने ट्वीट में लिखा कि धन्यवाद गुजरात। अभूतपूर्व चुनाव परिणामों को देखकर मैं बहुत अधिक भावनाओं से अभिभूत हूं। लोगों ने विकास की राजनीति का आशीर्वाद दिया और साथ ही इच्छा व्यक्त की कि वे चाहते हैं कि यह गति और तेज गति से चलती रहे। मैं गुजरात की जन शक्ति को नमन करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि बीजेपी गुजरात सभी मेहनती कार्यकर्ता को मैं कहना चाहता हूं - आप में से प्रत्येक एक चैंपियन है! यह ऐतिहासिक जीत हमारे कार्यकर्ताओं की असाधारण मेहनत के बिना संभव नहीं होगी, जो हमारी पार्टी की असली ताकत हैं। इसके अलावा उन्होंने हिमाचल प्रदेश की जनता का भी आभार जताया। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि मैं हिमाचल प्रदेश की जनता को भाजपा को मिले स्नेह और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। हम आने वाले समय में राज्य की आकांक्षाओं को पूरा करने और लोगों के मुद्दों को उठाने के लिए काम करते रहेंगे।

गुजरात की जीत पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि गुजरात चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास,सुशासन और लोक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता की जीत है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में मिली इस भव्य जीत




पर अमित शाह जी, भूपेंद्र पटेल जी, सीआर पाटिल और गुजरात भाजपा के के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई। उन्होंने आगे कहा कि गुजरात ने पिछले दो दशक में मोदी जी के नेतृत्व में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किए है और आज गुजरात की जनता ने भाजपा को आशीर्वाद देकर जीत का नया कीर्तिमान रचा है। हर वर्ग ने पूरे दिल से भाजपा को आशीर्वाद दिया है। यह भाजपा की नीतियों में जनता के अटूट विश्वास की जीत है।

## हार के बाद कांग्रेस ने आप और एआईएमआईएम को बताया दोषी

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के शर्मनाक हार के बाद पार्टी में खासी खलबली मची हुई है। पार्टी के गुजरात प्रभारी डॉक्टर रघु शर्मा ने नैतिक आधार पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के हार को स्वीकार करते हुए शर्मा ने पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा भेजा है। वहीं गुजरात कांग्रेस प्रमुख जगदीश ठाकोर ने चुनावी हार के बाद पार्टी की स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि पार्टी गुजरात की जनता द्वारा दिये जनादेश को स्वीकार करती है और हार के कारणों को तलाशने का प्रयास करेगी। गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष जगदीश ठाकोर ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं और यह बात पूरी तरह से सच है कि आम आदमी पार्टी और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के कारण कांग्रेस के वोट कटे हैं। हमारी हार में इन दोनों पार्टियों का बहुत बड़ा रोल है।

## खोखले वादे, रेवड़ी व तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को जनता ने नकारा : शाह

**अहमदाबाद।** गुजरात के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इतिहास रच दिया है। भाजपा अब तक का सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए 157 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। इसके अलावा कांग्रेस का सबसे खराब प्रदर्शन रहा है। वही इस चुनाव में जीत का दम भरने वाली आप 5 सीटों पर सिमटती हुई नजर आ रही है। गुजरात में मिली जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। इन सब के बीच केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह का भी ट्वीट सामने आया है। अमित शाह ने साफ तौर पर अपने ट्वीट में कहा है कि खोखले वादे, रेवड़ी व तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को जनता ने नकार दिया है। अपने ट्वीट में उन्होंने कहा कि यह नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल में जनता के अटूट विश्वास की जीत है।



अमित शाह ने लिखा कि इस ऐतिहासिक जीत पर गुजरात की जनता को नमन करता हूँ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और जेपी नड्डा की अध्यक्षता में मिली इस भव्य जीत पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल जी और अथक परिश्रम करने वाले गुजरात भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई। उन्होंने आगे लिखा कि गुजरात ने खोखले वादे, रेवड़ी व तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को नकार कर विकास और जनकल्याण को चरितार्थ करने वाली नरेंद्र मोदी जी की भाजपा को अभूतपूर्व जनादेश दिया है। इस प्रचंड जीत ने दिखाया है कि हर वर्ग चाहे महिला हो, युवा हो या किसान हो सभी पूरे दिल से भाजपा के साथ हैं।

अमित शाह ने यह भी कहा कि गुजरात ने हमेशा इतिहास रचने का काम किया है। पिछले दो दशक में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने गुजरात में विकास के सभी रिकॉर्ड तोड़े और आज गुजरात की जनता ने भाजपा को आशीर्वाद देकर जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिये। यह नरेंद्र मोदी जी के विकास मॉडल में जनता के अटूट विश्वास की जीत है। गुजरात के ष्टरूभूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव का जनादेश अब स्पष्ट हो चुका है, यहां की जनता ने मन बना लिया है कि दो दशक से चली आ रही गुजरात की इस विकास यात्रा को अविरत चालू रखना है। यहां के लोगों ने एक बार फिर बीजेपी पर अटूट भरोसा दिखाया है।

# हिमाचल की जनता को किया हर वादा जल्द से जल्द निभाएंगे : राहुल

### हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं को धन्यवाद करता हूं : खड़गे



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चुनावी नतीजों को लेकर कांग्रेस में जबरदस्त उत्साह है। इसका कारण यह है कि हिमाचल प्रदेश में अब राज बदल गया है। हिमाचल प्रदेश ने अपने पुराने रिवाज को कायम रखा है। हिमाचल प्रदेश में हर 5 साल में सरकार बदल जाती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। हिमाचल प्रदेश में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस को लगभग 18 सीटों का फायदा हुआ है। इन सबके बीच राहुल गांधी कभी एक ट्वीट सामने आ गया है। राहुल गांधी नहीं हिमाचल प्रदेश की जनता का शुक्रिया कहा है। उन्होंने इसको लेकर एक ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में राहुल गांधी ने लिखा कि हिमाचल प्रदेश की जनता को इस निर्णायक जीत के लिए दिल से धन्यवाद।

राहुल ने आगे लिखा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को हार्दिक बधाई। आपका परिश्रम और समर्पण इस विजय की शुभकामनाओं का असली हकदार है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फिर से आश्वस्त करता हूं, जनता को किया हर वादा जल्द से जल्द निभाएंगे। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश हम जीते हैं उसके लिए हम मतदाताओं को धन्यवाद करता हूं। हमारे प्रेक्षक जा रहे है और वह तय करेंगे की राज्यपाल से कब मिलना है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और प्रियंका गांधी को धन्यवाद देते हैं क्योंकि उनकी वजह से हम जीते हैं।

दूसरी और गुजरात में कांग्रेस को जबरदस्त हार मिली है। इस पर भी मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल पूछा गया। इसको लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वह तो हो गया है, मैं उसका श्रेय नहीं ले रहा हूं... लोकतंत्र में जीत और हार होती है। उन्होंने कहा कि यह हमारी वैचारिक लड़ाई है। हम कमियों को सुधारेंगे और लड़ना जारी रखेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बड़ी जीत हुई है। वहां की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा किया है। (मल्लिकार्जुन) खड़गे जी के अध्यक्ष बनने की बाद यह पहली जीत है और प्रियंका जी ने भी खूब प्रचार किया। यह जीत वहां के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं की जीत है।

## हिमाचल में हम सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे: जयराम ठाकुर



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने बहुमत हासिल कर ली है। इसका मतलब साफ है कि अब हिमाचल में राज बदलने वाला है और सरकार कांग्रेस बनाने जा रही है। हिमाचल प्रदेश में भाजपा ने कहीं ना कहीं अपने हार को स्वीकार कर लिया है। हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री रहे जयराम ठाकुर मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा कि नई सरकार बनाने वालों को बहुत शुभकामनाएं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम जनता के जनादेश का सम्मान करते हैं और सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए तैयार है। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि बहुमत को संभालना कांग्रेस का काम है। हिमाचल प्रदेश के निवर्तमान सीएम जयराम ठाकुर ने कहा कि मैं राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि मैं लोगों के जनादेश का सम्मान करता हूं और मैं पिछले 5 वर्षों के दौरान पीएम और अन्य केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहता हूं। हम राजनीति से इतर राज्य के विकास के लिए खड़े रहेंगे।

खेल
प्रमुख समाचार

## श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज का ऐलान



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश से वनडे सीरीज में करारी हार और चोटों से जूझ रहे कुछ भारतीय खिलाड़ियों की मुश्किलों के बीच बीसीसीआई ने श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज का भी ऐलान गुरुवार को कर दिया है। टीम इंडिया 2022-23 के अपने इंटरनेशनल होम सीजन की शुरुआत जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज के साथ करेगी।

**श्रीलंका का भारत दौरा (2022-23)**

3 जनवरी- पहला टी20 (मुंबई)
5 जनवरी- दूसरा टी20 (पुणे)
7 जनवरी- तीसरा टी20 (राजकोट)
10 जनवरी- पहला वनडे (गुवाहाटी)
12 जनवरी- दूसरा वनडे (कोलकाता)
15 जनवरी- तीसरा वनडे (त्रिवेंद्रम)

**न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 जनवरी से वनडे सीरीज**

18 जनवरी- पहला वनडे (हैदराबाद)
21 जनवरी- दूसरा वनडे (रायपुर)
24 जनवरी- तीसरा वनडे (इंदौर)
27 जनवरी- पहला टी20 (रांची)
29 जनवरी- दूसरा टी20 (लखनऊ)
1 फरवरी- तीसरा टी20 (अहमदाबाद)

**आस्ट्रेलिया से टेस्ट और वनडे सीरीज के शेड्यूल**

9-13 फरवरी- पहला टेस्ट (नागपुर)
17-21 फरवरी- दूसरा टेस्ट (दिल्ली)
1-5 मार्च- तीसरा टेस्ट (धर्मशाला)
9-13 मार्च- चौथा टेस्ट (अहमदाबाद)
17 मार्च- पहला वनडे (मुंबई)
19 मार्च- दूसरा वनडे (विजाग)
22 मार्च- तीसरा वनडे (चेन्नई)।

आर्थिक/वाणिज्य/विज्ञान/
प्रमुख समाचार

## सेंसेक्स 160 अंक चढ़ा निफ्टी 18600 के पार पहुंचा



**नई दिल्ली।** गुजरात विधानसभा चुनावो में भाजपा और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत पर बाजार ने अच्छी प्रतिक्रिया दी है। गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स 160 अंकों की तेजी के साथ 62,571 के लेवल पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 49 अंकों की बढ़त के साथ 18609 अंकों पर बंद हुआ। गुरुवार के कारोबारी सेशन में आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली दिखी। फार्मा और रियल्टी इंडेक्स भी हरे निशान पर बंद हुए। इस दौरान बैंक निफ्टी एक फीसदी से अधिक मजबूत हुआ। पीएसयू बैंक और प्राइवेट बैंक इंडेक्स में 3.5 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। घरेलू शेयर बाजार में मेटल, फाइनेंशियल और ऑटो सेक्टर के शेयर हरे निशान में बंद हुए।

## रेपो दर बढ़ने से एमएसएमई और खुदरा ग्राहकों पर बोझ

**नई दिल्ली।** एसबीआई की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में कुल लोन लेने वालों में 47 फीसदी लोग लोन एक्सटर्नल बेंचमार्क (ईबीआर) से जुड़े हैं। इसका सीधा मतलब हुआ कि आरबीआई की दर बढ़ने से इनका ब्याज खुद बढ़ जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, पांच बार में 2.25 फीसदी रेपो दर की बढ़त से रिटेल और एमएसएमई ग्राहकों पर 68,625 करोड़ रुपये की लागत आएगी। एक बीपीएस की बढ़त से 305 करोड़ रुपये की लागत बढ़ती है। इसमें रिटेल ग्राहक पर 65 करोड़ रुपये और एमएसएमई पर 240 करोड़ का बोझ पड़ता है। बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि रेपो दर की बढ़त से सिस्टम की तरलता में कोई कमी नहीं आएगी। बल्कि इस समय तरलता काफी है। उधर, दूसरी ओर बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक रिपोर्ट में कहा कि, अभी भी फरवरी में आरबीआई 0.25 फीसदी की बढ़त कर सकता है।

## नए साल में गाड़ियों के दाम होगा महंगा, कार कंपनियों की घोषणा

**नईदिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनियों-मर्सिडीज बेंज, ऑडी, रेनो, किआ इंडिया और एमजी मोटर ने लागत में बढ़ोतरी के चलते अगले महीने से अपने मॉडलों के दाम बढ़ाने की बुधवार को घोषणा की। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया और टाटा मोटर्स नए साल से मॉडलों के दामों को बढ़ाने की घोषणा पहले ही कर चुकी हैं। ऑडी इंडिया एक जनवरी से अपने सभी मॉडलों पर 1.7 प्रतिशत दाम बढ़ाएगी जबकि मर्सिडीज बेंज इंडिया पांच प्रतिशत की कीमत वृद्धि करेगी। किआ इंडिया ने कहा कि मॉडल और संस्करण के आधार पर मूल्य वृद्धि की मात्रा 50,000 रुपये तक होगी। हालांकि, रेनो ने यह नहीं बताया कि वह अपने वाहनों की कीमत में कितनी वृद्धि करने जा रही है। वहीं एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि वह जल्द ही मॉडल और वेरियंट के आधार पर कीमतों में दो-तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी करेगी।

## तमिलनाडु में रसायन उद्योग का 70 अरब डॉलर का बाजार बनने का लक्ष्य


**नईदिल्ली।** तमिलनाडु सरकार के 2030 तक एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में मदद देने के लिए राज्य में रसायन उद्योग को अपने मौजूदा आकार से दस गुना से अधिक बढ़कर 70 अरब डॉलर तक पहुंचना होगा। एक अधिकारी ने बुधवार को यह कहा। भारतीय रसायन परिषद की अध्यक्ष (दक्षिण) राम्या भरतराम ने कहा, 'रसायन उद्योग एक अहम क्षेत्र होगा और इसे 2030 तक 70 अरब डॉलर का बनना होगा जिससे तमिलनाडु सरकार के एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।' उद्योग के विशेषज्ञों का अनुमान है कि जब रसायन क्षेत्र 70 अरब डॉलर का बाजार हो जाएगा तब इसमें अप्रत्यक्ष रोजगार भी मौजूदा 10 से लाख से बढ़कर एक करोड़ हो जाएंगे।

# हमारी प्रौद्योगिकी पर चीन की नजर, दुनिया के लिए भी खतरा

**रवींद्र दुबे**

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन स्ट्रेटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) की जांच में हुए खुलासे के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के सर्वर पर हुए साइबर हमले में चीन की भूमिका सामने आई है। जांच में यह पता लगा कि दो मेल आईडी से एम्स के सर्वर पर साइबर हमला किया गया। उनका उद्गम चीन में है। एक प्रमुख मेल आईडी का पता ग्लोबल नेटवर्क, फ्रांसिट लिमिटेड रोड डी/3 एफ ब्लॉक-2, 62 युआन रोड हांगकांग-00852 है।

चीन की सरकार ने इस बात से इनकार किया कि उनका इस हमले से कुछ भी लेना-देना है। लेकिन साइबर वारफेयर के अधिकांश विश्लेषक उक्त रिपोर्ट की मूलभूत खोजों से काफी भयभीत हैं। पहली खोज तो




यह है कि मालवेयर का पता दो साल तक नहीं चला और अनेक कंप्यूटर तभी से रोगग्रस्त थे। दूसरा यह कि इस मालवेयर का पता और भी कई वर्षों तक नहीं चलता, अगर इन्फॉर्मेशन वारफेयर मॉनिटर (आईडब्ल्यूएम) इसका पता नहीं लगाता। दरअसल चीन की इन गतिविधियों से खतरा सिर्फ भारत को नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को है। जहां तक राज्य प्रायोजित घुसपैठ की बात है, तो क्राउडस्ट्राइक के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020 और 2021 के बीच 67 फीसदी हमलों के पीछे चीन था। साइबर सुरक्षा मुहैया करवाने वाली एक अन्य एजेंसी सेंटिनल वन के सीनियर थ्रेट रिसर्चर टॉम हेगेल के अनुसार, इसमें कोई संदेह नहीं है कि खतरे की प्रासंगिकता के मामले में चीन अग्रणी देश के रूप में खड़ा है।

इसी साल जुलाई में फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (एफबीआई) और ब्रिटिश खुफिया एजेंसी एमआई5 ने चीन द्वारा इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) की चोरी के खतरे के बारे में एक अभूतपूर्व संयुक्त चेतावनी जारी की। लंदन में उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा कि चीन का हैकिंग कार्यक्रम हर दूसरे बड़े देश की तुलना में बड़ा है और चीन की सरकार आपकी प्रौद्योगिकी चुराने के लिए तैयार है। उनका कहना था कि चीनी सरकार पश्चिमी व्यवसायों के लिए उससे भी गंभीर खतरा है, जितना कि कुछ व्यवसायी महसूस करते हैं। तमाम शहर हैं दो चार दस की बात नहीं-ये पंक्तियां चीन के मामले में पूरी तरह मौजूं साबित होती हैं।

दुनिया भर के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि विकसित हो या विकासशील, सभी देशों को चीन से खतरा है। दक्षिण एशिया के विकासशील देशों की तो बात ही छोड़ दें, अमेरिका जैसे विकसित देश भी चीन से खतरा महसूस करते हैं। चंद बानगी पेश हैं = सिक्योरवर्क्स में एक शोधकर्ता के रूप में अपने तीन वर्षों के दौरान मार्क बर्नार्ड ने चीनी सरकारी हैकर्स को रसायन निर्माण, विमानन, दूरसंचार और फार्मास्यूटिकल्स में ग्राहकों के पीछे जाते देखा है। बर्नार्ड के मुताबिक, यह दर्शाना काफी मुश्किल है कि चीन के लिए प्रमुख क्षेत्र क्या हैं, क्योंकि वे (चीनी) बहुत से लोगों को लक्षित करते हैं।

अमेरिकी वायुसेना के पूर्व मुख्य सॉफ्टवेयर अधिकारी निकोलस चैलान के अनुसार, सबसे शर्मनाक उदाहरणों में से एक चीन द्वारा 2011 में शुरू होने वाले एफ-35 के समान डिजाइन वाले बमवर्षक जेट जारी करना था। एनएसए के पूर्व कांट्रैक्टर एडवर्ड स्नोडेन द्वारा लीक किए गए दस्तावेजों से इस बात की पुष्टि होती है कि चीनी सरकार के हैकर्स ने एफ-35 लाइटनिंग2 पर डेटा चुराया है, जिसके बारे में माना जाता है कि इसका इस्तेमाल जे-31 और जे-20 सहित चीनी जेट विमानों के डिजाइन में किया गया था। जुलाई, 2021 में, व्हाइट हाउस ने यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और नाटो के साथ मिलकर दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधि के पैटर्न के लिए चीन सरकार की निंदा की। कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया कि बाइडन प्रशासन का मानना है कि चीन अमेरिकी व्यवसायों के आईपी चुराने के लिए हैकिंग गतिविधियों को रोकने के अपने 2015 के समझौते की अनदेखी कर रहा है।